
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

08 दिसम्बर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

आप जो सोचते हैं वही बनते हैं।

आपके विचार ही दुनिया बनाते हैं।

गौतम बुद्ध



राकेश कुमार

मधु प्रिया

# भारत की पहली पनडुब्बी 8 दिसंबर



आठ दिसंबर की तारीख देश की हिफाजत में लगी सेनाओं के लिए खास अहमियत रखती है। दरअसल **8** दिसंबर **1967** को पहली पनडुब्बी 'कलवरी' को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था,और इसे **31** मार्च **1996** को **30** वर्ष की राष्ट्र सेवा के बाद नौसेना से रिटायर कर दिया गया। इसका नाम हिंद महासागर में पाई जाने वाली खतरनाक टाइगर शार्क के नाम पर रखा गया। इसके बाद विभिन्न श्रेणियों की बहुत सी पनडुब्बियां नौसेना का हिस्सा बनीं फ्रांस के सहयोग से देश में ही निर्मित स्कार्पिन श्रेणी की आधुनिकतम पनडुब्बी को पिछले वर्ष नौसेना में शामिल किया गया और इसका नाम भी 'कलवरी' ही रखा गया है 'कलवरी' को दुनिया की सबसे घातक पनडुब्बियों में से एक माना जाता है। भारत में ऐसी **5** और पनडुब्बी तैयार की जाएंगी।आधुनिकतम तकनीक से निर्मित पनडुब्बी एक बेहतरीन मशीन है और समुद्र के नीचे एक खामोश प्रहरी की तरह रहती है। जरूरत पड़ने पर यह दुश्मन की नजर बचाकर सटीक निशाना लगाने और भारी तबाही मचाने में सक्षम होती है।

# पुण्यतिथि विशेष 08 दिसम्बर




**बिपिन रावत** *Bipin Rawat*, जन्म- 16 मार्च, 1958; मृत्यु- 8 दिसम्बर, 2021) भारत के प्रथम 'चीफ़ ऑफ़ डिफ़ेंस स्टाफ़' थे। उन्होंने यह पद 31 दिसंबर, 2019 को ग्रहण किया था। इससे पहले उन्होंने भारतीय थल सेना के 27वें सेनाध्यक्ष के रूप में भी काम किया।

# 3 साल के सर्वज्ञ को फिडे रेटिंग: दुनिया का सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने; इतनी सी उम्र में नहीं खेले थे आनंद, कार्लसन, गुकेश



भारत के सर्वज्ञ सिंह कुशवाहा ने मात्र तीन साल, सात महीने, 20 दिन की उम्र में इतिहास रच दिया है। मध्य प्रदेश के सागर जिले के इस नन्हे खिलाड़ी ने आधिकारिक फिडे रेटिंग हासिल कर दुनिया के सबसे कम उम्र के रेटेड चेस खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **08.12.2025**


## पेशेवर शिक्षा

पेशेवर शिक्षा **(Professional Education)** एक विशेष क्षेत्र में काम करने के लिए ज़रूरी सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल सिखाने वाली औपचारिक शिक्षा है, जो छात्रों को किसी खास पेशे (जैसे डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक) के लिए तैयार करती है, जिसमें विशेषज्ञता, अनुसंधान और कौशल विकास पर ज़ोर दिया जाता है, ताकि वे रोजगार के लिए योग्य बन सकें और अपने कार्यक्षेत्र में उच्च स्तर की दक्षता हासिल कर सकें।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




**रूस** ने भारत के साथ कई डील साइन किए हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने **भारत** में अब तक का सबसे बड़ा न्यूक्लियर प्लांट **स्थापित** करने की घोषणा कि है।



पद्य पंकज
“
हर पग पर स्वर्ग बसा देती
धरती की नव मनुहार मुझे
लय में अविराम पुकार मुझे
क्यों अश्रु न हों श्रृंगार मुझे।
महादेवी वर्मा
www.padyapankaj.teachersofbihar.org
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारत
के पहले रक्षा प्रमुख या चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस)
विपिन रावत
की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।
16 मार्च 1958-8 दिसम्बर 2021
SIKKIM SCOUTS
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
8 दिसंबर
जयंती पर नमन।
उदय शंकर
8 दिसंबर 1900 - 26 सितंबर 1977
Madhu priya
www.teachersofbihar.org